17/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के पहले चरण में गुवाहाटी के अर्जुन भोगेश्वर बरुआ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बागुरुम्बा दिहौ 2026, पारंपरिक बोडो सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कल, प्रधानमंत्री सुबह करीब 11 बजे नोगांव जिले के कालियाबोर में छः हज़ार नौ सौ पचास करोड़ रुपये से ज़्यादा की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का भूमि पूजन करने के बाद एक जन सभा को संबोधित भी करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 2 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों - कामाख्या-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने लोअर सियाङ जिले के लिकाबली में छठे बोगुम आओ फाउंडेशन जनरल कॉन्फ्रेंस-2026 में आबो तानी के वंशज आतो बोगुम की प्रतिमा, **बोगुम लिने** का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गालो समुदाय से अपने घरों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी मातृभाषा का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि भाषा हर समाज की नींव है और सांस्कृतिक पहचान एवं मूल्यों को बनाए रखने के लिए बेहद ज़रूरी कड़ी है।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने नामसाई स्थित बीजेपी कार्यालय में मीडिया को विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम जल प्रबंधन, कनेक्टिविटी, कृषि सहायता और आपदा की तैयारी जैसे क्षेत्रों में टिकाऊ एसेट बनाने को प्राथमिकता देता है, जिससे ग्रामीण समुदायों को लंबे समय तक फायदा होगा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के सांसद तापिर गाओ ने बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक हस्तियों एवं समुह द्वारा पूर्वोत्तर को बांटने के दावों पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि, बांग्लादेश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक स्थिति बहुत खराब है, और इसीलिए ज़िंदा रहने के लिए वह भारत से पूर्वोत्तर को अलग करने के दावे कर रहा है। सांसद ने कहा कि पूर्वोत्तर में अब हवाई, रेल और सड़क नेटवर्क बहुत अच्छे से जुड़े हुए हैं, और बांग्लादेश चाहे बंटवारे के कितने भी सपने देख ले, यह कभी भी मुमकिन नहीं होगा।

0000000000000000000000000

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को एक मज़बूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने

के लिए बेस्ट परफॉर्मर का दर्जा दिया है। बेस्ट परफॉर्मर अवॉर्ड नेशनल स्टार्टअप रैंकिंग फ्रेमवर्क के तहत सर्वोच्च सम्मान है। इस साल, केवल तीन राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात और गोवा को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के तवांग ज़िले में सेला लेक पर जमी हुई बर्फ टूटने से डूबने वाले केरल के दोनों पर्यटकों की लाशें बरामद कर ली गईं है। मृतकों की पहचान छब्बीस वर्षिय बी. प्रकाश और चौबीस वर्षिय महादेव के रूप में हुई है। यह हादसा शुक्रवार को हुआ जब सात लोगों का एक दल घूमते हुए जमी हुई सेला लेक पर चलने लगे और अचानक बर्फ के टूटने से, दो लोग पानी में गिर गए। दूसरे शव को निकालने के लिए आज सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन फिर से शुरू किया गया था। राज्य के पर्यटन मंत्री पासांग दोरजी सोना ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, अरुणाचल प्रदेश में आने वाले सभी परयटकों से अपील की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जमी हुई ऊंची झीलों के आसपास या किसी भी अन्य स्थानों पर सुरक्षा सलाह और चेतावनी संकेतों का सख्ती से पालन करें।

0000000000000000000000000

लोंगदिंग जिले के वाक्का में मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में घायल हुए असम के दो पर्यटकों में से एक को, जिसे गंभीर चोटें आई थीं, इमरजेंसी प्री-हॉस्पिटल केयर 108 टीम द्वारा बचाव करते हुए समय पर ही इमरजेंसी केयर प्रदान की गई। मरीज की हालत स्थिर होने के बाद उसे आगे के इलाज के लिए सुरक्षित रूप से AMC डिब्रूगढ़ हॉस्पिटल में भेज दिया गया है।

000000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त, सोनालिका जिवानी ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लागू किए जा रहे विकासत्मक एवं आधार्भूत संरचनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और उसके प्रभाव का जायजा लेने के लिए मासिक ज़िला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपायुक्त ने युवाओं, SHG, किसानों, कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए उनके क्षमता निर्माण पर भी ज़ोर दिया।

000000000000000000000000

शी योमी जिले के मेचुका स्थित सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने नेशनल इंटीग्रेशन टूर के तहत INS चेन्नई, INS सिंधुराज, मुंबई नेवल डॉकयार्ड, बायकुला चिड़ियाघर, फिल्म सिटी और गेटवे ऑफ इंडिया का दौरा किया। इस दौरे से छात्रों को भारत की

नौसैनिक शक्ति, चिड़ियाघर के जानवरों को करीब से देखने और फिल्म जगत से जुड़ी विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर प्राप्त हुआ।

0000000000000000000000000

और कोलकाता में आयोजित हो रही खेलो इंडिया इंटर- SAI राष्ट्रीय तीरंदाज़ी प्रतियोगिता 2025-26 में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे तवांग जिला तीरंदाजी संघ के तीन सीनियर तीरंदाजों ने सीनियर बॉइस टीम इवेंट में कांस्य पदक जीते है।

0000000000000000000000000